## एक नजर में

## ट्रैफिक प्रहरी अभियान का शुभारंभ



इंदौर. सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इंदौर पुलिस ने शनिवार को ट्रैफिक प्रहरी अभियान की शुरूआत की. कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय, पलासिया स्थित सभागृह में किया. इस मौके पर डीसीपी जोन-4 यातायात आनंद कलादगी, एडीसीपी संतोष कुमार कौल, एसीपी मनोज कुमार खत्री और एसीपी हिंदू सिंह मुवेल सहित यातायात पुलिस के अधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और जिम्मेदार नागरिक मौजूद रहे. डीसीपी आनंद कलादगी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को यातायात प्रबंधन की प्रक्रिया से जोड़ना और उन्हें यातायात नियमों के पालन में सक्रिय भागीदार बनाना है. इसके तहत इच्छुक नागरिक क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन फॉर्म भरकर ट्रैफिक प्रहरी बन सकते हैं. उन्हें पुलिस की ओर से सिटी, लाइट बेटन, जैकेट और बैज प्रदान किए जाएंगे, जबकि, उत्कृष्ट कार्य करने वालों को साप्ताहिक और मासिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा. ट्रैफिक प्रहरी शहर में त्योहारों या व्यस्त समय में यातायात व्यवस्था में सहयोग, नियम उल्लंघन या जाम की सूचना देने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएंगे. कार्यक्रम में आपका समय, आपका सहयोग, आपका चौराहा संदेश के साथ यह आह्वान किया गया कि सुगम यातायात सिर्फ पुलिस नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है.

## रेलवे ब्रिज बनने की खुशी में मिठाई बांटी



महू. पेट्रोल पंप की ओर जाने वाले मार्ग स्थित रेलवे पुलिया से गंदा पानी बहता रहता था और शमशान एवं स्कूल जाने वाले लोगों पर यह गंदा पानी गिरता रहता था. इस समस्या से निजात दिलाने के लिए कांग्रेस नेता योगेश यादव के निर्देशन में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर रेलवे महाप्रबंधक शुक्ला को ज्ञापन दिया गया था. ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम द्वारा उक्त पुल का निर्माण किया गया, जिससे लोगों में हर्ष व्याप्त है. इसी को लेकर सेवादल द्वारा रविवार को ब्रिज पर आतिशबाजी कर मिठाई का वितरण किया गया एवं तत्कालीन रेलवे महाप्रबंधक शुक्ला का स्वागत सम्मान किया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से महू शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू खान, सेवा दल अध्यक्ष नरेश जोशी, उपाध्यक्ष मुन्नालाल वर्मा, पहलवान खनूजा जी, अजय गुरु, जगमोहन सोन, पिंटू डीडवानिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## सरपंच प्रतिनिधि कौशल को पितृ शोक



महू. चंदन गुरु व्यायाम शाला किशनगंज के खलीफा छोटेलाल कौशल का लंबी आयु में निधन हो गया. वे किशनगंज सरपंच प्रतिनिधि मनोज कौशल के पिताजी थे. लंबी आयु के होने की वजह से उन्हें धूमधाम से अंतिम विदाई दी गई. इस दौरान अखाड़े के उस्तादों द्वारा प्रदर्शन कर उन्हें सम्मान दिया गया. शव यात्रा में अंतिम दर्शन करने के लिए महू के पूर्व विधायक अंतरसिंह दरबार समेत कई राजनीतिक दलों के नेता व शहरवासी सम्मिलित हुए और उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी.

## महाभोग एवं सीता रसोई आधारित श्रृंगार दर्शन कल



इंदौर. सुभाष चौक स्थित श्री रामभक्त हनुमान मंदिर पर 28 अक्टूबर को भक्तों को 56 भोग के निराले दर्शन देखने को मिलेंगे. यहां साल में एक दिन ऐसा होता है, जब भक्तों के घरों में उनके भाव से बने प्रसाद का भोग हनुमान जी को लगाया जाता हैं. बाजार की व्यंजन सामग्री स्वीकार्य नहीं होती है. पंडित जीतू गुरु ने भक्तों से आग्रह किया है कि वे अपने घर की रसोई में भावपूर्वक बने स्वादिष्ट एवं सात्विक व्यंजन ही लेकर आएं. साथ ही उन्होंने आग्रह किया है कि भोग के लिए व्यंजन मंगलवार की शाम 5 बजे से पहले मंदिर प्रांगण में पहुंचाने का प्रयास करें. रात्रि 8.45 बजे महाआरती होगी.

## राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु की जयंती कल

इंदौर. कलचुरी समाज के ईष्ट भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु की जयंती 28 अक्टूबर को धूमधाम से मनाई जायेगी, एमआर-10 टोल नाके के पास स्थित राजराजेश्वर सहस्त्रार्जुन धाम सहस्त्रार्जुन प्रतिमा पर माल्यार्पण, प्रसादी वितरण किया जायेगा. राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ की संयोजक अर्चना जायसवाल, ने बताया कि भगवान सहस्त्रार्जुन परमप्रतापी, प्रजापालक राजा थे, वे परम विद्वान थे, उन्हें सम्पूर्ण वेदों का ज्ञान था. मंगलवार को जयंती मनेगी. पार्षद संध्या राधाकिशन जायसवाल, राकेश जायसवाल, अनिल जायसवाल,मनीष चौकसे ने बताया कि कार्यक्रम में सभी स्वजाति बंधु व अन्य समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहेंगे,प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा. सुमित्रा चौकसे, सरोज राय ने बताया रांगोली बनाई जायेगी, आतिशबाजी कर सहस्त्रार्जुनधाम में जयंती मनाई जायेगी,दीपों से सजावट होगी.

## पूर्वोत्तर समाज सेवा समिति आज मनाएगी छठ महापर्व

इंदौर. पूर्वोत्तर समाज सेवा समिति द्वारा आगामी 27 अक्टूबर को छठ महापर्व का मुख्य आयोजन बाणेश्वर कुंड, इंदौर में किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के लगभग 10,000 श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है। समिति ने पर्व की तैयारियाँ पूर्ण कर ली हैं और स्थल पर भव्य सजावट, साफ-सफाई एवं सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं. छठ पर्व का शुभारंभ 25 अक्टूबर को नहाय-खाय से होगा तथा 26 अक्टूबर को खरना के साथ व्रत की शुरुआत की जाएगी। 27 अक्टूबर को श्रद्धालु अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे, जबकि 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन किया जाएगा. समिति के पदाधिकारियों के अनुसार इस वर्ष का आयोजन सांस्कृतिक रूप से भी विशेष रहेगा। संध्या कालीन सत्र में बच्चों एवं युवाओं द्वारा पारंपरिक लोकगीत, नृत्य एवं छठी मइया की महिमा पर आधारित प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी. समाज के वरिष्ठजन इस आयोजन को आस्था, एकता और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बता रहे हैं.

## डॉक्टर के घर से सोने के जेवर और नकदी चोरी

इंदौर. भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक महिला डॉक्टर के घर से अज्ञात व्यक्ति ने सोने के जेवरात और नकदी चोरी कर ली. शिकायतकर्ता डॉ. सारिका वर्मा, निवासी पिपलियाराव भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित ब्रह्मपुरी कॉलोनी ने बताया कि उनके घर की अलमारी से सोने के गहने और नकदी रकम गायब हो गई है. उन्हें संदेह है कि उनके घर में कार्यरत नौकरानी सोनू अजनार और पलक अजनार के अलावा अन्य किसी का घर में आना-जाना नहीं था.

# किन्नर सरगना राजा हाशमी गिरफ्तार, साथियों को फिनाइल पीने पर किया था मजबूर

**कई जिलों में दबिश के बाद नरसिंहपुर से पकड़ाया आरोपी**

**पुलिस नहीं पहचाने इसलिए बदल लिया था अपना हुलिया**

**10 हजार का था इनाम, इंदौर और जबलपुर में कई गंभीर अपराधों में है नाम**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. किन्नर समाज में आतंक मचाने वाले कुख्यात किन्नर राजा हाशमी को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया. आरोपी पर अपने विरोधी किन्नरों को धमकाने और प्रताड़ित करने के साथ ही एक बड़ी आत्महत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप है.**

पुलिस की टीम ने लगातार कई जिलों में दबिश देने के बाद उसे नरसिंहपुर जिले के बगासपुर गांव से घेराबंदी कर पकड़ा. राजा हाशमी पर इंदौर पुलिस उपायुक्त जोन-4 द्वारा दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया. आरोपी पुलिस से बचने के लिए अपना हुलिया बदलकर रह रहा था.

पंढरीनाथ थाना प्रभारी निरीक्षक अजय राजौरिया ने बताया कि 16 अक्टूबर को महामंडलेश्वर सोना मंगला गौरी नंदगिरि ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके चेले व साथी किन्नरों को राजा हाशमी, सपना हाजी, पत्रकार अक्षय कुमांयू और पंकज जैन द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा था. धमकियों और उत्पीड़न से तंग आकर 15 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे 24 किन्नर साथियों ने एक साथ



गिरफ्तारी के पहले



गिरफ्तारी के बाद

फिनाइल पी ली थी. इस सनसनीखेज घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी. आरोपी लंबे समय से फरार था और पुलिस टीम उसकी तलाश में कई जिलों में दबिश दे रही थी. 26 अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली कि राजा हाशमी अपने बहनोई शानू के यहां ग्राम बगासपुर, थाना गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर में छिपा हुआ है. सूचना पर पुलिस टीम ने वहां दबिश दी. गिरफ्तारी से बचने के लिए राजा हाशमी भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे धर दबोचा. पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर इंदौर लाया गया.

### सात अपराधिक प्रकरण दर्ज

आरोपी 39 वर्षीय राजा हाशमी पिता सलीम हाशमी निवासी अंबेडकर नगर, थाना आधारताल, जबलपुर के खिलाफ इंदौर और जबलपुर में मारपीट, अड़ीबाजी और जान से मारने की धमकी जैसे सात आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं.

### टीम को मिला सफलता का श्रेय

राजा हाशमी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय राजौरिया, उपनिरीक्षक राम रघुवंशी, सब उपनिरक्षक विकास शर्मा, प्रधान आरक्षक गोकुल मालवीय, आरक्षक राजाराम डुडवे, साइबर सेल आरक्षक गौरव परमार, आरक्षक दीपक परिहार और चालक शुभम की प्रमुख भूमिका रही.

## जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर करना था सर्वे

### टैक्स सर्वे पर रेसीडेंसी कोठी में हुई बैठक

**इंदौर. टैक्स सर्वे को लेकर हुए विवाद के बाद राजनीति गरमा गई है. मामले का पटाक्षेप करने के लिए रेसीडेंसी कोठी पर मंत्री और जनप्रतिनिधियों की बैठक भी हुई. महापौर पुष्य मित्र भार्गव ने इसे लेकर कहा कि टैक्स को लेकर सर्वे होना चाहिए, लेकिन तरीका ठीक नहीं था. अफसरों को जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर सर्वे करना चाहिए था. यह उन्होंने नहीं किया. उन्होंने कहा कि मेरे रहते अराजकता नहीं होगी.**

रेसीडेंसी कोठी पर आयोजित बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अफसरों को कामों को लेकर मनमानी नहीं करना चाहिए. उन्हें अभियान शुरू करने से पहले उसकी जानकारी क्षेत्रीय पार्षद व विधायक को देना चाहिए थी. उनका सहयोग भी लिया जाना चाहिए था.

रेसीडेंसी कोठी पर आयोजित बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अफसरों को कामों को लेकर मनमानी नहीं करना चाहिए. उन्हें अभियान शुरू करने से पहले उसकी जानकारी क्षेत्रीय पार्षद व विधायक को देना चाहिए थी. उनका सहयोग भी लिया जाना चाहिए था.

## अगले तीन दिन तक बारिश की संभावना, कटी फसलों को नुकसान

### अब बारिश हुई तो खेतों में नमी बढ़ेगी, रवि की बोवनी में फायदा

**महू. शहर और ग्रामीण क्षेत्र में रविवार दोपहर को मौसम में अचानक बदलाव आया. सुबह से आसमान में बादल छाए रहे. इसके बाद दोपहर में कई क्षेत्रों में गरज के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई.**

ग्रामीण इलाकों में लगभग 15 मिनट तक तेज बारिश और आंधी चली. बारिश होने तापमान में गिरावट आई और मौसम में ठंडक घुल गई. ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिसके कारण लोगों को गर्म कपड़े पहनने पड़े. सुहाने मौसम को देखते हुए कई लोग रविवार को पर्यटक स्थल पातालपानी भी पहुंचे, जहां उन्होंने बहते झरने का



### तीन दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम

मौसम वैज्ञानिक दिनेश सोलंकी के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में एक तूफान उग्र हो गया है, जिसका असर प्रदेश के मौसम पर पड़ रहा है. यह बारिश उसी तूफान के कारण हो रही है. उन्होंने अगले तीन दिन तक इसी तरह की बारिश की संभावना व्यक्त की है.

### बोवनी करने वाले किसानों को होगा फायदा

किसानों के अनुसार खेतों में कटी पड़ी मक्का और सोयाबीन की फसल इस असमय की बारिश में भीगने से खराब हो सकती हैं. नमी के कारण फसलों में फफूंदी बीमारी लगने का खतरा बढ़ गया है. वहीं, जिन किसानों ने गेहूं और चने की बुवाई कर दी है या बुवाई की तैयारी में हैं, उनके लिए यह बारिश लाभकारी है. इस समय पानी गिरने से खेतों में नमी बढ़ेगी और अंकुरण बेहतर होगा.

## सुख और दु:ख हमारे कर्मों का फल : पं. ऋषभदेव

### सुदामा नगर सेक्टर ए स्थित रामजी सदन में चल रहा भागवत ज्ञान यज्ञ

इंदौर. सुख और दुख हमारे कर्मों का ही फल है. हम जैसे कर्म करेंगे, फल भी वैसे ही मिलेंगे. गंगा और अन्य नदियां तभी तक पूजनीय हैं, जब तक वे अपने किनारों की मर्यादा में बहती हैं. किनारे छोड़ देने पर कोई भी उन्हें नहीं पूजता, क्योंकि तब वही जीवनरेखा विनाश की बाढ़ लेकर आती है. मनुष्य के जीवन का भी यही सिद्धांत है. भगवान के अवतार सज्जनों के कल्याण और दुर्जनों के विनाश के लिए ही होते हैं. भगवान के शब्दकोष में सुख या दुख नाम का कोई शब्द है ही नहीं.



ये दिव्य विचार भागवताचार्य बालव्यास पं. ऋषभदेव महाराज बनारस वालों ने भागवत ज्ञान यज्ञ के दौरान उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए.

सुदामा नगर सेक्टर ए स्थित रामजी सदन, दत्त मंदिर के पास आयोजित कथा में उन्होंने शुकदेव चरित्र प्रसंग एवं भागवत की महत्ता बताई. कथा शुभारम्भ से पहले संयोजक श्रीमती मंजुला प्रशांत पांडे तथा श्रीमती प्रभा पांडे, श्रीमती सोना संजय, अजय एवं प्रिंस पांडे ने व्यास पीठ का पूजन किया. पं. ऋषभदेव प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक कथा का वाचन कर रहे हैं. सोमवार 27 अक्टूबर को परीक्षित मिलन एवं सती चरित्र की कथा होगी.



## फूलबंगले में विराजे सीता सर्वेश्वर राम दरबार

### अन्नकूट में लगा छप्पन भोग, हुई महाआरती

**इंदौर. श्री राम मंदिर रघुनाथपुरम में आयोजित अन्नकूट महोत्सव में श्री सीता सर्वेश्वर राम दरबार फूल बंगले में विराजे, छप्पन भोग लगा, महाआरती हुई, हजारों भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की. अग्रपीठाधीश्वर- मलूकपीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज ने महाआरती की.**

महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज, जानकीवल्लभ दास महाराज ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव में श्री सीता सर्वेश्वर राम दरबार का विशेष श्रृंगार किया, गुलाब, मोगरा सहित अनेक किस्मों के फूलो से फूल बंगला सजाया गया. अग्रपीठाधीश्वर मलूकपीठाधीश्वर राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज ने श्री सीता सर्वेश्वर राम दरबार का आचार्यों विद्वानों की उपस्थिति में वेद मंत्रों के बीच पूजन अर्चन किया. 56 तरहो के पकवानों का छप्पन भोग लगाया।

### हजारों भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की

सैकड़ों दीपों से महाआरती की गई. महोत्सव में आयोजित विशाल महाप्रसादी में हजारों भक्तो ने महाप्रसादी ग्रहण की, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय विधायक रमेश मेंदोला,अशोक बीदासरिया सहित अन्य सम्मिलित हुए. भक्तो ने व्यवस्थित मंदिर के सड़क पर बैठक कर प्रसादी ग्रहण की. इस अवसर पर महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा, महामंडलेश्वर रामायणी महाराज, पवनदास महाराज,अर्जुनदास महाराज सहित अन्य साधु संत सम्मिलित हुए. इस अवसर पर सत्यप्रकाश पाठक,चंद्रभान रिछारिया,सन्नी शर्मा,मोहित शर्मा, बबलू तोषनीवाल सहित शामिल हुए.

## समाज की भलाई के लिए सक्षम लोग मिलकर काम करें : न्यायमूर्ति सर्राफ

### देवगुराड़िया क्षेत्र में अग्रवाल बॉयज हॉस्टल का शुभारंभ

इंदौर. समाज स्तर पर होने वाले कल्याणकारी कार्यक्रमों की सफलता और अधिक हो सकती है, यदि समाज के सभी सक्षम लोग मिलकर प्रयास करें। इंदौर में अग्रवाल समाज द्वारा समाज की भलाई के लिए जो काम किए जा रहे हैं, वे निश्चित ही पूरे देश में अन्य समाजों के लिए भी अनुकरणीय हैं. आज अग्रवाल बॉयज हॉस्टल के शुभारंभ प्रसंग पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए यही अपेक्षा है कि समाज के सक्षम लोग इस तरह के सेवा कार्यों की निरंतरता बनाए रखेंगे.



म.प्र. उच्च न्यायलय के नयायमूर्ति विनय सर्राफ ने स्वामी विवेकानंद सुविचार शैक्षणिक एवं पारमार्थिक न्यास द्वारा देवगुराड़िया स्थित अग्रवाल बॉयज होस्टल के शुभारंभ प्रसंग पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उक्त प्रेरक बातें कही. भारत सरकार के पुरातत्व एवं संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल, प्रदेश के सबसे बड़े दानदाता एवं उद्योगपति विनोद अग्रवाल तथा राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और एसडीएम रिंकेश वैश्य भी इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जिन्होंने नवनिर्मित हॉस्टल भवन का शुभारंभ किया. प्रारंभ में ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल, मंत्री कुलभूषण मित्तल, कोषाध्यक्ष अरविंद बागड़ी, राजेश बंसल, मनीष सिंघल, किशोर गोयल, गोविंद सिंघल, विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, अशोक एरन, पुरुषोत्तम अग्रवाल, आदि ने अतिथियों का स्वागत किया. वैश्य संगठनों के पदाधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे. हॉस्टल के बारे में जानकारी कुलभूषण मित्तल ने दी। स्वागत उद्बोधन ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल ने दिया. संचालन किया अरविन्द बागड़ी ने और अंत में आभार माना निर्मल रामरतन अग्रवाल ने.

## पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना में लुनियापुरा के परिवार को मिले 2 लाख

### योजना से मिल रहा आर्थिक सहारा

**महू.** केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाएं लोगों के जीवन में बदलाव ला रही हैं. इन्हीं में से एक है पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना जो मुश्किल घड़ी में आमजन को आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है. यह योजना आम लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है. इसके तहत मात्र 436 रुपए सालाना प्रीमियम देकर व्यक्ति अपने परिवार को किसी भी आकस्मिक स्थिति से सुरक्षित कर सकता है.

इस योजना का उद्देश्य है कि किसी परिवार के कमाने वाले सदस्य के निधन की स्थिति में परिवार को आर्थिक सहारा मिल सके. हाल ही में शहर की पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक अजय चौधरी ने लुनियापुरा में रहने वाले स्व. मनोज डाबोड़े के निधन के बाद उनकी पत्नी रानी डाबोड़े को 2 लाख का चेक सौंपा. रानी डाबोड़े ने बताया कि मेरी दो बेटियां हैं. हम हर महीने की तरह अपनी तनख्वाह निकालने सीएसपी सेंटर जाते थे. एक दिन वहां हमें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में बताया गया. इससे प्रभावित होकर मेरे पति द्वारा वहां 436 रुपए सालाना वाला बीमा करवा लिया गया, जिसका लाभ पति के निधन के बाद मुझे मिला. पंजाब नेशनल बैंक के उप महाप्रबंधक अनिल कुमार के प्रयास से एक महीने के अंदर प्रक्रिया पूर्ण कर दो लाख रुपए प्रदान किए गए. रानी डाबोड़े ने बताया कि वे अब इन रुपयों का उपयोग अपनी दोनों बेटी की शादी के समय करेंगी.

**एक नजर में** ब्रिटेन व पोलेंड के कलाकारों के साथ किया प्रदर्शन, अक्षता मूर्ति, नारायण मूर्ति व सुधा मूर्ति भी हुईं शामिल

## स्वाति और अनवी ने दीं मनमोहक प्रस्तुति

इंदौर. ब्रिटिश काउंसिल इंडिया और इंडिया हैबिटैट सेंटर के सहयोग से ब्रिटेन की प्रख्यात कुचिपुड़ी नृत्यांगना और ब्रिटिश साम्राज्य पदक (बीईएम) से सम्मानित अरुणिमा कुमार के नृत्य समूह ने अपनी अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी. इसमें स्वाति और अनवी ने अपनी प्रस्तुति से समा बांध दिया. अनवी ब्रिटेन के पूर्व पीएम ऋषि सुनक एवं अक्षता मूर्ति की बेटी हैं तथा स्वाति इंदौर के पर्यावरणविद महेश बंसल की बेटी हैं.

इस अवसर पर कत्थक नृत्यांगना शोवना नारायण, भरतनाट्यम नृत्यांगना गीता चंद्रन, कुचिपुड़ी नृत्यांगना वनश्री राव और छऊ नृत्यांगना शशधर आचार्य जैसे दिग्गज कलागुरु, अक्षता मूर्ति, उनके माता-पिता सुधा मूर्ति और नारायण मूर्ति, सांसद राजीव शुक्ला, ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी केमरून, ब्रिटिश काउंसिल इंडिया की कंट्री डायरेक्टर एलिसन बैरेट और दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा भी शामिल हुए. प्रदर्शन की शुरुआत अरुणिमा कुमार और उनकी पोलेंड से आई वरिष्ठ छात्राओं एवं इंदौर की बेटी स्वाति द्वारा सूर्य को समर्पित एक प्रस्तुति से हुई. इस नृत्य में शिव, कृष्ण, विष्णु, दुर्गा और काली जैसे देवताओं के भजन भारतीय पौराणिक कथाओं के आधार पर प्रस्तुत किए गए.





### पौराणिक दश्यों को चित्रित किया

शाम को हुई प्रस्तुतियों में अरुणिमा कुमार द्वारा कोरियोग्राफ किया गया एक ऐसा नाटक भी शामिल था, जिसमें नाट्य निर्देशक सुनीत टंडन ने वायलिन की संगत पर शेक्सपियर सानेट का पाठ किया. इस प्रस्तुति में शेक्सपियर के शब्दों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य की भाव भंगिमाओं के साथ प्रस्तुत किया गया. अरुणिमा ने पीतल की थाली के किनारे पर नृत्य कर तरंगम तकनीक का प्रदर्शन भी किया. इस आयोजन का समापन अच्युतम केशवम भजन के साथ हुआ, जिसमें कृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर द्रोपदी के चीर हरण जैसे महाभारत कालीन पौराणिक दृश्यों को भी चित्रित किया गया था.